Agricultural Produce Marketing Committee,

(An Undertaking of Govt. of NCT of Delhi)
New Grain Market, Narela, Delhi-110040
Ph.Nos. (O) 27282339, 27285352, Telefax: 27284089
(E-mail:- apmcnrl@rediffmail.com)

F.No-31(22)2018/APMC/NRL/CT – 1169 Date:- 26.10.2023

निविदा सूचना

कृषि उपज विपणन समिति नरेला, दिल्ली-40 द्वारा अपने कार्यालय व गेटो पर इंटरनेट सुविधा देने हेतु 2 वर्षो के लिए रख-रखाव शाखा द्वारा ठेका दिया जाना है जिसके लिए संबधित कार्य करने वाली इच्छुक फर्मो जिनके पास पैन न. एवं फर्म / एजेंसी के नाम से बैंक खाता होना अनिवार्य है, से निविदाएं ली जानी है| अतः यदि आपकी फर्म निम्नलिखित विवरण अनुसार इंटरनेट कनेक्शन की सभी जरूरी पार्टो एवं वायर सहित वार्षिक रख-रखाव का ठेका लेने हेतु इच्छुक है तो आप अपनी निविदा दिनांक04.11.23दोपहर 02:00बजे तक समिति कार्यालय में जमा करा दे। प्राप्त निविदाएं दिनांक04.11.23दोपहर बाद 03:00बजे खोली जाएगी| किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार समिति कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा ।

क्र स.	इंटरनेट प्रदान करने की जगह	कनेक्शन स.
1.	समिति कार्यलय नरेला	01
2.	नई अनाज मंडी गेट न. 1	01
3.	नई अनाज मंडी गेट न. 2	01
4.	नई अनाज मंडी गेट न. 4	01
5.	पुरानी अनाज मंडी	01
6.	समिति कार्यलय बेसमेंट	01

उपरोक्त विवरण अनुसार इंटरनेट सुविधा हेतु 2 वर्षो के रख -रखाव के ठेके के अंतर्गत आपको समिति में निम्नलिखित नियम व शर्त के अनुसार अपनी सेवाएं देनी होगी।

1. ठेके की अवधि 2 वर्षो के लिए होगी जिसका अनुबंध रु 100.00 के स्टाम्प पेपर पर आप द्वारा समिति कार्यालय में देना होगा। कार्य संतोष जनक पाए जाने पर अगले एक साल के लिए टेंडर अवधि बढ़ाया जाना उचित होगा। यह टेंडर कभी भी असंतोषजनक पाए जाने पर कभी भी एक माह पूर्व का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है।
2. ठेके की राशि का भुगतान मासिक आधार पर कार्य संतोषजनक पाए जाने पर किया जायगा।

3. संबधित एजेंसी को समिति द्वारा दर्ज शिकायत के निपटारे हेतु कम से कम माह में एक बार अनिवार्य रूप से सभी उपकरणों की देख-रेख के लिए विजिट करना अनिवार्य होगा।

4. समिति द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर आपको अगले दिन तक समिति कार्यलय में अनिवार्य रूप से अपना इंजीनियर भेजना होगा और यदि इंटरनेट से संबधित किसी पार्ट को ठीक करने में समय लगता है तो फर्म उस पार्ट का विकल्प तुरंत समिति में उपलब्ध कराना होगा।

5. इंटरनेट से संबधित किसी भी अतिरिक्त/संबधित पार्ट जैसे पोर्ट, वायर इत्यादि अगर फर्म द्वारा बदला जायगा उसके लिए समिति द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायगा।

6. हमारी (APMC Narela) सेवाएं Essential Services के अंतर्गत कार्य करती है।

7. इच्छुक फर्म को निचे दिए गए प्रारूप में जानकारी कार्यलय में उपलब्ध करनी होगी|

(I) क्रम संख्या

(II) प्लान विद इंटरनेट स्पीड

(III) कनेक्शन की संख्या

(iv) मासिक किराया इंस्टॉलेशन सहित और कॉम्प्रिहेंसिव देख-रेख विद GST.

उपरोक्त विवरण अनुसार सभी पार्टो व लेबर चार्ज सहित एवं उपरोक्त नियमो के अनुसार दो वर्षो की अवधि के लिए रख रखाव का ठेका लेने हेतु यदि आप निविदा सुचना में वर्णित सभी इंटरनेट कनेक्शन लगने वाली जगह/ स्थिति को देखना चाहे तो आप समिति कार्यलय में किसी भी कार्यदिवस को (बुधवार को छोड़कर) प्रातः 10:00 बजे से साय 5:30 बजे के बीच समिति कार्यलय में संपर्क कर सकते है |

सहायक सचिव
रख -रखाव शाखा

प्रतिलिपि:-

1. नोटिस बोर्ड , नई व पुरानी अनाज मंडी नरेला , दिल्ली-40